दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



वर्ष :- 02 अंक :- 349 मुरादाबाद, 20 April 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सेना कमांडरों के सम्मेलन में बोले- राजनाथ सिंह, चीन के अतिक्रमण से बढ़ सकता है तनाव ; निगरानी जरूरी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सेना से चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कड़ी निगरानी रखने को कहा क्योंकि पीएलए सैनिकों की तैनाती के मद्देनजर उत्तरी क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सूत्रों ने कहा कि सेना कमांडरों के सम्मेलन में अपने संबोधन में, राजनाथ सिंह ने बिना किसी विशेष संदर्भ के, सशस्त्र बलों से दुनिया भर में भू-राजनीतिक परिवर्तनों पर ध्यान देने और तदनुसार अपनी योजना और रणनीतियों को ढालने का आह्वान किया।देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता सूत्रों के मुताबिक, उत्तरी क्षेत्र में पीएलए सैनिकों की तैनाती के कारण स्थिति तनावपूर्ण है। हमारे सशस्त्र बलों, विशेष रूप से भारतीय सेना को एलएसी की सुरक्षा बनाए रखने के लिए लगातार अपनी सतर्कता रखनी होगी। राजनाथ सिंह की टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में तीन साल से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में आई है।रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि सरकार की पूरी कोशिश है कि सीमा पर तैनात हर जवान को बेहतरीन हथियार और सुविधाएं मुहैया कराई जाए। सेना कमांडरों का पांच दिवसीय सम्मेलन सोमवार से शुरू हुआ। यह चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की युद्धक क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श कर रहा है।

### आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में काफी सुधार हुआ- राजनाथ सिंह

जम्मू-कश्मीर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह शांति और स्थिरता देख रहा है और केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादी गतिविधियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। राजनाथ सिंह ने कहा, 卐पूर्वोत्तर राज्यों में भी, भारतीय सेना द्वारा चलाए गए अभियानों के बाद आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में काफी सुधार हुआ है।राजनाथ सिंह ने कहा, फिर भी, हमें शांति के लिए सरकार के प्रयासों को चुनौती देने वाले राष्ट्र-विरोधी संगठनों के खिलाफ सतर्क रहना होगा।卐 राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि कई अनिश्चितताओं के कारण भविष्य के युद्ध अत्यधिक अप्रत्याशित होंगे। उन्होंने कमांडरों से कहा, आज के बदलते दौर में खतरों और हथियारों का दायरा काफी व्यापक हो गया है। इसके अनुसार अपनी रक्षा तैयारियों का आकलन करने की जरूरत है।%

### सरकार सशस्त्र बलों के लिए लगन से कर रही काम- राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने कहा कि वास्तविक समय की खुफिया जानकारी का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग सुनिश्चित करने की आवश्यकता है ताकि हम भविष्य में ऐसी किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक सैनिक और पूर्व सैनिकों का कल्याण और भलाई भी सरकार का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार सशस्त्र बलों के लिए उसी तरह लगन से काम कर रही ह

ै जैसे देश की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल काम कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, सरकार न केवल सशस्त्र बलों, बल्कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।卐 सेना कमांडरों का सम्मेलन एक शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम है जो हर साल अप्रैल और अक्टूबर में आयोजित किया जाता है। सम्मेलन वैचारिक स्तर के विचार-विमर्श के लिए एक संस्थागत मंच है, जिसका समापन भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेने में होता है।

## सिद्धारमैया बोले- यह मेरा आखिरी चुनाव, फिर सन्यास ले लूंगा; वरुणा सीट से दाखिल किया नामांकन



आठ बार विधायक रहे सिद्धारमैया इससे पहले वरुणा से दो बार जीते थे और 2008 में यहां से जीतने के बाद विपक्ष के नेता बने थे और फिर 2013 के विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री बने थे। कर्नाटक की 224 सीटों वाली विधानसभा के लिए अगले माह 10 मई को चुनाव होने हैं। ऐसे में सियासी दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को वरुणा सीट से नामांकन दाखिल किया है। इसके साथ उन्होंने संकेत दिया कि उनके बेटे यतींद्र और पोते धवन राकेश उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी होंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह उनका आखिरी चुनाव है। सिद्धारमैया के छोटे बेटे यतींद्र वरुणा से मौजूदा कांग्रेस विधायक हैं।आठ बार विधायक रहे सिद्धारमैया इससे पहले वरुणा से दो बार जीते थे और 2008 में यहां से जीतने के बाद विपक्ष के नेता बने थे और फिर 2013 के विधानसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री बने थे। कांग्रेस विधायक दल के नेता ने अपने पैतृक गांव सिद्दरामनहुंडी में मंदिर में सिद्धारामेश्वर देवता की पूजा की और वहां श्री राम मंदिर भी गए और नामांकन दाखिल करने से पहले एक विशाल रोड शो किया। उन्होंने मैसूर में चामुंडी पहाड़ियों पर प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी मंदिर का भी दौरा किया और नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक जनसभा को संबोधित किया। सिद्धारमैया ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह धरती पुत्र हैं क्योंकि उनका गांव सिद्दरामनहुंडी वरुणा क्षेत्र में आता है। इस चुनाव को लड़ने के बाद वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले लेंगे, लेकिन राजनीति से नहीं। धवन राकेश सिद्धारमैया के दिवंगत बड़े बेटे राकेश सिद्धारमैया के बेटे हैं। सिद्धारमैया ने जैसे ही धवन का नाम लिया, भीड़ ने तालियां बजानी शुरू कर दीं। राजनीति में आने के लिए 25 साल का होना चाहिए, अभी आठ साल बाकी हैं, उनकी शिक्षा अभी भी पूरी नहीं हुई है। पहले पढ़ाई फिर राजनीति। सत्तारूढ़ भाजपा ने सिद्धारमैया का मुकाबला करने के लिए वरुणा से मंत्री वी सोमन्ना को मैदान में उतारा है। सिद्धरमैया ने आरोप लगाया कि भाजपा और जद (एस) के बीच आंतरिक समझौता हो गया है और भाजपा ने यहां सोमन्ना को मैदान में उतारा है जो बेंगलुरू के निवासी हैं। सिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि भाजपा और जद (एस) एक आंतरिक समझौते पर पहुंच गए हैं। यही कारण है कि जद (एस) ने दलित वोटों को बांटने के उद्देश्य से टी. नरसीपुर के पूर्व विधायक भारती शंकर को अपना उम्मीदवार बनाया है,


## कांग्रेस नेता राजकुमार सिंह ने अतीक को बताया शहीद, भारत रत्न दिलाने की मांग की, पार्टी ने निकाला



कांग्रेस नेता राजकुमार ने अतीक अहमद को शहीद बताया है। अतीक अहमद को भारत रत्न दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि अतीक शहीद हुआ है। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या का मामला अभी शांत नहीं हो पाया है कि कांग्रेस से पार्षद प्रत्याशी राजकुमार सिंह उर्फ रज्जू ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस नेता राजकुमार ने अतीक अहमद को शहीद बताया है। अतीक अहमद को भारत रत्न दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि अतीक शहीद हुआ है। उनका ये बयान तेजी से वायरल हो रहा है। उधर, पार्टी ने मामले का संज्ञान लेते हुए राजकुमार सिंह को पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। राजकुमार ने अपने बयान में इस पूरे मामले को लेकर यूपी सरकार पर आरोप लगाए हैं। साथ ही कहा, जब दिवंगत सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण सम्मान मिल सकता है तो अतीक को क्यों नहीं सम्मानित किया जा सकता है। इस बयान के बाद हरकत में आई कांग्रेस पार्टी ने राजकुमार सिंह को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने राजकुमार सिंह को आजाद स्क्वायर वार्ड नंबर 43 से पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया था। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने बताया कि रज्जू द्वारा माफिया अतीक से संबंधित बयान को लेकर यह कार्यवाही की गई है। साथ ही कहा कि ये रज्जू का निजी बयान है, इससे पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्यवाही करते रज्जू की पार्षद उम्मीदवारी भी वापस ले ली है।

## अतीक का खास गुर्गा 50 हजार का इनामी असद कालिया गिरफ्तार, संभालता था माफिया की जमीनों का कारोबार





प्रयागराज- माफिया अतीक अहमद गिरोह के एक और शूटर असद कालिया को यूपी पुलिस ने बुधवार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। कालि?या माफिया अतीक का बेहद करीबी सदस्य बताया जाता है। असद कालिया कई मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस ने उसपर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। एसओजी ने अतीक अहमद के खास गुर्गे को धूमनगंज और पूरामुफ्ती पुलिस के साथ घेरकर दबोचा। उसके दो और साथी भी पकड़े गए हैं। उससे तमाम घटनाओं के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### 50 हजार का इनाम था घोषित

दिसंबर 2021 से अब तक असद के खिलाफ धमकाने और रंगदारी मांगने के चार मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। असद की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पिछले दिनों एक वीडियो भी 2019 का प्रसारित हुआ था जिसमे असद एक व्यक्ति के घर पर अपने साथियों संग जाकर गेट से धमकाता और ईंट फेंकता है। वह अतीक के जमीन का कारोबार देख रहा था। डीसीपी नगर दीपक ने बताया कि असद को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। उसकी निशानदेही पर असलहे भी बरामद किए जाने का प्रयास हो रहा है।

## वरुण गांधी बोले: जिनकी चप्पल उठाने की औकात नहीं थी, हमारे सामने बोल न सकते थे; आज पांच-पांच गाड़ियों में चल रहे



पीलीभीत के ललौरीखेड़ा ब्लॉक में जनसंवाद कार्यक्रम में वरुण गांधी सवालिया अंदाज में कहते हैं कि क्या हमारा कोई घर है पीलीभीत में, हमने कोई कॉलोनी काटी, कोई बड़ा मकान या बगीचा है हमारा। लेकिन जो कभी हमारी चप्पल उठाने की औकात नहीं रखते थे, वे आज पांच-पांच गाड़ियों में चल रहे हैं। आधा शहर घेर रखा है।पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी का एक बयान सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में सांसद यह कहते हुए सुनाई पड़े कि जो कभी हमारी चप्पल उठाने की औकात नहीं रखते थे, वे आज पांच-पांच गाड़ियों में चल रहे हैं। आधा शहर घेर रखा है। वीडियो हाल ही के दो दिवसीय दौरे के दौरान ललौरीखेड़ा ब्लॉक में जनसंवाद कार्यक्रम का है। इसमें वरुण गांधी सवालिया अंदाज में कहते हैं कि क्या हमारा कोई घर है पीलीभीत में, हमने कोई कॉलोनी काटी, कोई बड़ा मकान या बगीचा है हमारा। हम एक कमरे में रहते हैं, एक सेठ के मकान में। आज 35 साल हो गए और कोई होता तो अब तक बड़ा महल, बगीचा बना लेता। वरुण ने कहा कि वे लोग पहले हमसे कहते थे अरे भैय्या, हमको एक बार मौका दे दो। हमारे सामने बोलने की औकात नहीं रखते थे। आज आधा शहर घेर लिया है इन लोगों ने। सांसद के इस बयान के राजनीतिक लोग अपने तरीके से मायने निकाल रहे हैं।

### एक समाज को डराया जाना गलत

भाजपा सांसद ने कहा कि वह उन नेताओं की तरह नहीं है, जो चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं और बाद में मुड़कर नहीं देखते। मैं हिंदू हूं, लेकिन उन नेताओं जैसा नहीं जो वोट के लिए टोपी लगाकर दूसरे धर्मस्थल पर जाए, लेकिन आज जिस तरीके से एक समाज को डराया जा रहा है, यह देश के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं किसी अपराधी की बात नहीं कर रहा। अतीक अहमद की बात नहीं कर रहा। आम इंसान की बात कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हमारा देश तब मजबूत होगा। जब सबको समान अधिकार मिलेंगे। जब सबको नौकरी मिलेगी।

### ऐसे भी नेता हैं, जिनकी कथनी करनी में फर्क

वरुण गांधी ने कहा कि उनकी राजनीति सच्चाई, ईमानदारी और देशभक्ति पर आधारित है। वह देश को खुशहाल और मजबूत बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जबकि ऐसे नेता भी मौजूद हैं, जिनकी कथनी और करनी में बहुत बड़ा फर्क है।

संपादकीय Editorial

# Kejriwal in the circle of CBI

After facing the questions of CBI, Delhi Chief Minister Kejriwal came out and addressed the media, then he said that on September 17 last year at 7 pm, he gave Rs 1000 crore to Prime Minister Modi. He repeated the allegation again and again. Then asked that if such allegations are made without evidence, then what is the meaning of them? Kejriwal also questioned the functioning of autonomous and constitutional investigative agencies like the CBI and the Enforcement Directorate (ED) and said opposition leaders were being jailed on such baseless and baseless allegations. The series of rampant allegations continue to such an extent that the courts are not able to grant bail easily.

Such allegations and such concepts by Kejriwal are ridiculous. These investigative agencies are the last leg of our system. Whenever a scam breaks out or mountains of black money are seized or a serious case of corruption comes to the fore, the State Governments or the affected-affected parties have been demanding a CBI inquiry. In the context of Delhi government's excise policy and the alleged liquor scam, the CBI asked Kejriwal 56 questions during his nearly nine-hour interrogation.

Kejriwal claims that he gave proper answers to all the questions. Being the Chief Minister, the collective responsibility of the cabinet is its 'first man'.

The new excise policy of the government was made, then had to return to the old policy, the benefits, profits given to the wholesale contractors of liquor under the policy, allegations of alleged bribery, then Chief Minister Kejriwal cannot remain neutral from those cases.

Of course, whether he signed any file or not, the first responsibility of the decision of the cabinet is his, so he will have to come in the dock of questions. Kejriwal alleges that the investigation itself is "fake" as the CBI does not have "even a shred of evidence". How did Kejriwal reach this conclusion? This is the prerogative of the court. Our sincere advice to Kejriwal and his Aam Aadmi Party (AAP) leaders, MPs and ministers is to stop spouting the phrase that they are 'hard-core honest'. We will die, we will die, but we will not cheat. We are being framed because AAP is emerging as the new political force in the country.

Actually, this image will be decided by the general public of the country and ultimately by the courts. Kejriwal's Deputy Chief Minister Manish Sisodia and some friends and liquor contractors are currently in jail for the liquor scam. He must have made some revelations to the CBI and ED during the interrogation. Kejriwal's statement has been recorded under section 161 of the CrPC. Now they will be compared with the existing evidence and after that the agency will verify the statement.

Kejriwal is not free from CBI investigation. We do not confirm anyone's allegations. Let's leave it to the discretion of the investigating agencies and the court. The example of corruption and dishonesty is their health minister Satyendar Jain, who has been in jail for almost 11 months and the court is not ready to grant him bail on any grounds.

Kejriwal will have to prove himself on many levels that he is capable of being a national leader. However, we will wait for the final decision of the court on the liquor scam and the corruption involved in it.

# 'Afwah' trailer release, Dil Jeet Lega Nawazuddin and Bhumi Pednekar's acting

The official trailer of Nawazuddin Siddiqui and Bhumi Pednekar starrer film Afwah is out. Nawazuddin Siddiqui and Bhumi Pednekar have gained popularity through their hard work in the Hindi film industry. Whenever both of them come on screen, fans are seen appreciating their acting. Now a good news is coming out for the fans of both the actors who have looted praise by working in different films. Actually, Nawazuddin and Bhumi will soon be seen together on screen in the film 'Afwah' and its trailer has also been released today. Trailer of 'Afwah' released- Ever since Nawazuddin and Bhumi Pednekar's film 'Afwah' was announced, fans were waiting to get a glimpse of the film. Putting an end to the excitement and wait of the fans, the makers have released the official trailer of 'Afwah'. The released trailer of the film, written and directed by Sudhir Mishra, is giving fans a banging experience, which has increased their curiosity to know the story even more. How a rumor changed life - From the trailer that has surfaced, it is known that the story of the film will tell people how a rumor can completely change people's lives. Apart from Bhumi and Nawazuddin, Sumit Vyas is also seen in this video, which starts with the fight sequence, who plays the role of a leader. The story takes a twist when problems crop up between him and his wife Bhumi. Bhumi, Nawazuddin and Sumit's lives change completely in no time. When will the film be released - 'Afwah' is a drama film written and directed by Sudhir Mishra. It is produced by Anubhav Sinha, director of films like Mulk and Article 15. Apart from Nawazuddin Siddiqui and Bhumi Pednekar, the film also stars Sumeet Vyas and Sharib Hashmi in key roles. 'Afwah' is slated to release in theaters on May 5.




# 'People try to find fault...' Priyanka reacted like this after being trolled on RRR

Actress Priyanka Chopra, who has made a name for herself in Hollywood after leaving Bollywood, is in headlines these days for her upcoming web series 'Citadel'. Fans are very excited for this action-packed series. In such a situation, as the release date of 'Citadel' is coming to the fore, the actress has intensified the promotion of the series. While Priyanka is often seen talking about the series, recently the actress spoke about the trolling she received for calling 'RRR' a 'Tamil film'. Recently, in an interview, Priyanka Chopra called the film 'RRR' directed by SS Rajamouli as a Tamil film, which was wrong. Actually, Ram Charan and Junior NTR starrer 'RRR' is basically a Telugu film. After doing this, Priyanka was targeted by netizens on social media. He used to say that 'be smart but there is no need to be over smart'. The actress had to face a lot of trolling for this mistake. Now the Desi Girl has reacted to this trolling that happened in the past. In a recent interview, Priyanka Chopra reacted to this by saying, 'People try to find fault in anything I do. I think people enjoy it. But now, I am a bit more cautious because I have my family to think about. The higher you go in life, people find reasons to make you fall. But at the same time, I have so much love and support from my family, friends and fans that I love to focus on. Priyanka Chopra in an interview recently revealed that she did her own stunts at Citadel. She said, 'About 80 percent of the stunts in the show I did myself because I trust my body and my instincts. But I learned a lot and the action that I have done in this show is definitely very different from what I have done before." On the work front, Priyanka Chopra will next be seen in the spy-thriller series Citadel. . In this, she will share screen space with Richard Madden. The first two episodes of the six-episode series will premiere on April 28. The remaining four episodes will be released every Friday on Prime Video till May 26.




# Shah Rukh Khan didn't take fee for 'Pathan', still earned Rs 200 crore

Shahrukh Khan's Pathan has made the makers of the film rich by earning strong at the box office. The film did a business of over 500 crores at the domestic ticket window. At the same time, Globally the film earned a total of 1050.3 crores. The special thing is that Shahrukh did not charge a single penny for this film, but still he has earned big money because of Pathan. If media reports are to be believed, the actor had reportedly signed a 60 per cent profit sharing deal for the film as his remuneration. According to a news portal, since 'Pathan' was made on a budget of Rs 270 crore and the makers made a total profit of Rs 333 crore, Shah Rukh has been given around Rs 200 crore as his share. The film reportedly But earned Rs 545 crore in India and Rs 396.02 crore overseas, out of which Rs 245 crore was given to Indian distributors, and foreign distributors took Rs 178 crore. Apart from this, 'Pathan' earned Rs 150 crore by selling its satellite and digital rights. At the same time, it got Rs 30 crore from music rights and subsidy. Let us tell you that after the success of Pathan, the fans are eagerly waiting for King Khan's film 'Jawan'. In this film too, the actor will once again be seen doing strong action. Recently, a small clip related to the film was leaked, seeing which Shah Rukh's fans became very excited. The film is to be released on June 2, but whether it will be released on time or not, it is not known at the moment. The official announcement has not been made yet. Apart from this, Shah Rukh is working in Rajkumar Hirani's film 'Danki'. Preparations are on to release the film in the month of December this year.



# महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शीनू चुघ, महामंत्री श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव को महिला मोर्चा ने किया सम्मानित

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शीनू चुघ की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय घंटा घर में एक बैठक का आजोजन किया गया जिसमे भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान, भाजपा जिला महामंत्री डा.कनिका जिंदल,जिला सचिव मिनी जैन,पार्षद दल की नेता सुनीता शर्मा, महिला मोर्चा पंजाब की उपाध्यक्ष किरण शर्मा विशेष रूप से बैठक में उपस्थित हुई। भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शीनू चुघ ने भाजपा हाई कमान का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे वह आप सब बहनों के सहयोग से बखूबी निभाएंगी। महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान सभी महिला कार्यकर्ताओं का परिचय करवाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता इतना सामर्थ्यवान है कि उसे जो जिम्मेदारी सौंपी जाती है, उसको वह कर्मठता से निभाता है।रजनीश धीमान ने कहा कि जल्द ही महिला मोर्चा की कार्यकारिणी भी घोषित की जाएगी। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शीनू चुघ, महामंत्री श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा भाजपा का सिरोपा पहनकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव,सीमा शर्मा, पार्षद सोनिया शर्मा,ऐनी सिक्का,प्रभजोत कौर,पालवी विनायक,नीलम धवन,संतोष अरोड़ा,सीमा वर्मा,कुलदीप कौर,अंजलि शर्मा,रमन शर्मा, अरुणा नागी,उषा रानी, नेहा सहगल,दीपिका,गुरमीत कौर, संतोष कुमारी,आरती बतरा, रुपिंदरजीत कौर,कमल शर्मा, निशा तिवारी,संध्या, पूनम, परवीन शर्मा,रीना कुमारी,रेनू राणा,रेनू बंसल,अनुमित कौर,कविता तिवाड़ी, पूजा, कुलदीप कौर,मंजीत कौर उपस्थित हुए।

## नगर निगम नगर पंचायत के चुनाव में भाजपा बंपर जीत हासिल करेगी- राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि नगर निगम के चुनावों में सन 2024 के लोकसभा के चुनावों में देश के किसानों ने जवानों ने युवाओं ने भाजपा को जिताने का पूरी तरह से मन बना लिया है नगर निगम का चुनाव योगी मोदी जी की लोकप्रियता पर जीता जाएगा भाजपा प्रतिदिन मजबूत होती जा रही है किसान मोर्चा के कार्यकर्ता हमारे अलीगढ़ के किसान भाई पूरी तरह से भाजपा को जिताने में लगे हुए हैं क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पता चलता है की जनता का रुख भाजपा के प्रति कितना मजबूत है हर समाज का व्यक्ति कोई समाज अछूता नहीं है भाजपा को सत्ता में लाने के के लिए काफी उत्साह है भाजपा नगर निगम चुनाव में बंपर जीत हासिल करेगी नगर पंचायत का चुनाव पार्षद सभासद का चुनाव नगर निगम मेयर का चुनाव भाजपा बंपर जीत के रिकॉर्ड से जीतेगी

## दो आरोपियों को दंडित किया गया

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपदीय मॉनिटरिंग सैल की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते अलग-अलग मामलों में माननीय न्यायालय द्वारा दो आरोपियों को दंडित किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है- 1.आज दिनांक 18.04.2023 को अभियुक्त गण 1-विमलेश पुत्र अंगन लाल 2-शैलेश पुत्र अंगनलाल निवासी गण दत्तपुर थाना सकीट जनपद एटा संबंधित मु0अ0सं0 163/2015 धारा 302/34 भादवि थाना सकीट एटा को दोषी पाते हुए मा0 न्यायालय एडीजे-2 एटा द्वारा उपरोक्त दोनों अभियुक्तगणों को को आजीवन कारावास एवं 50,000/-रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। 2.आज दिनांक 18.04.2023 को अभियुक्त 1-विमलेश पुत्र अंगन लाल निवासी दत्तपुर थाना सकीट जनपद एटा संबंधित मु0अ0सं0 174/2015 धारा 25/27 आर्मस एक्ट थाना सकीट एटा को दोषी पाते हुए मा0 न्यायालय एडीजे-2 एटा द्वारा अभियुक्त 03 वर्ष कारावास एवं 5000/-रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# रिठौरा में शार्ट -शार्ट-सर्किट से निकली चिंगारी से लाखों का भूसा हुआ स्वाहा

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-रिठौरा।रिठौरा में राजश्री पेट्रोल पंप के ठीक सामने खेत लभेड़ा उर्फ़ बुलंद नगर के अशफाक, इब्ने अली,रहमत शाह के भूसे के बोंगे लगे थे। उनके ऊपर 11हजार पावर की लाइट के तार निकल रहे हैं।बुधवार को दोपहर में चल रहीं तेज हवाओं के चलते बिजली के तारों से निकली चिंगारी से दोपहर 12बजे के आसपास आग लग गई। देखते ही देखते भूसे के बोंगे धूं-धूं कर जल उठे। राहगीरों ने तुरन्त इसकी सूचना रिठौरा पुलिस चौकी पर कान्स्टेबल हीरालाल राठी को दी। उन्होंने तुरंत अपने आलाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। वहीं ग्रामीणों ने 112पर काल कर आग लगने की सूचना दी। सूचना पर तुरन्त बरेली और नवाबगंज से चार दमकल गाड़ियां मौके पर आ गईं शाम सात बजे तक कढ़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका । अशफाक ने7लाख इब्ने अली ने8लाख तथा रहमतशाह ने 5लाख का नुक़सान होने की बात कही है।आग बुझाने में ग्रामीणों के अलावा अग्निशमन विभाग से रवीश चन्द अग्नि शमन द्वितीय अधिकारी नवाबगंज, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान प्रताप सिंह, मोहित कुमार,प्रिंस सांगवान,शुभम देशवाल, जितेंद्र गुर्जर, अंकित कुमार, जयवीर देशवाल सचिन कुमार, नितिन कुमार, शिशिर कुमार सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# उचित दर की दुकानों पर बोरों में खराब चावल निकल रहा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- कासगंज,सोरों, ।उचित दर की दुकानों पर पहुंचा चावल उचित दर विक्रेताओं व कार्ड धारकों के लिए मुसीबत बन गया है। चावल के बोरों में निकलने वाला चावल जमकर डेलों के रूप में हो गया है। राशन डीलर जब इस चावल को राशन कार्ड धारकों को देते हैं तो वह लेने से मना कर दे रहे हैं। आपूर्ति विभाग के अधिकारी इस मामले में पूर्ति निरीक्षक से जांच कराने की बात कह रहे हैं। मंगलवार को सोरों की ग्राम पंचायत कादरबाड़ी, दतलाना पुख्ता और पाठकपुर में उचित दर विक्रेताओं ने कार्ड धारकों के जमा हुआ चावल दिया तो उन्होंने लेने से इंकार किया। कादरबाड़ी के रहने वाले कार्ड धारक मुन्नालाल ने बताया कि उचित दर विक्रेता के यहां जिन बोरों में चावल आया है। उसमें खराब चावल निकल रहा है। चावल जमकर बड़े-बड़े डेलों में तब्दील हो गया है। कादरबाड़ी गांव में उचित दर की दुकानों पर बोरों में खराब चावल निकल रहा है। यही हालत दतलाना पुख्ता गांव का भी है। यह बोले राशन डीलर व कार्ड धारक- पाठकपुर के उचित दर विक्रेता के यहां भी बोरों में खराब चावल निकल रहा है। जिससे उचित दर विक्रेता व राशनकार्ड धारकों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। राशन कार्ड धारक इस चावल को लेने से मना कर रहे हैं। पाठकपुर के रहने वाली रामबेटी व नन्हीं देवी जब उचित दर विक्रेता के यहां खाद्यान लेने पहुंची तो उन्हें भी उचित दर विक्रेता के द्वारा खराब चावल दिया गया। दतलाना पुख्ता के रहने वाले मुन्नालाल ने बताया कि उनके यहां भी उचित दर विक्रेता के यहां खराब चावल निकल रहा है। उचित दर विक्रेताओं ने बताया कि चावल भीगने की वजह से बड़े-बड़े डेलों में जम गया है।राशन कार्ड धारक इस चावल को लेने से मना कर रहे हैं

## 13 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

निशाकांत शर्मा-क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त पत्र संख्या 585 /एसएलएसए- 127 /2022 एन0एल0ए0( सरन )दिनांकित 23 फरवरी 2023 के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वाधान में 13 मई 2023 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद,दाण्डिक धारा 138 एन0 आई0 एक्ट, बैंक रिकवरी वाद,श्रमिक वाद, जल एवं गृह कर वाद, विद्युत बिल वाद ,वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, दीवानी वाद, राजस्व वादों के साथ साथ ही चलाना से संबंधित वादो का भी निस्तारण सुलह -समझौते एवं संस्वीकृति के आधार पर किया जाएगा। इसलिए जन साधारण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान में दिनांक 13-5-2023दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने-अपने वादों को चिन्हित करवाते हुए आधिकारिक वादों, हमलों को नियत एवं निस्तारित कराकर सस्ता- सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं यह जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा श्री कैलाश कुमार ने दी है

# बरात चढ़ी, दावत हुई, पर बिना दुल्हन के लौटी बरात, दूल्हे सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-बरात आई और धूमधाम से चढ़ी। बरातियों ने दावत खाई। जब बात वरमाला की आई, तो बरात बिना दुल्हन के लौट गई। दुल्हन के भाई ने दूल्हे समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलीगढ़ के छर्रा थाना क्षेत्र के गांव सलगवां मेंआई बरात बिना दुल्हन के लौट गई। दुल्हन के भाई ने वर पक्ष के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न होने पर बरात वापस ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव सलगवां निवासी दिनेश पुत्र यादराम ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें उन्होंने कहा है कि उसकी बहन की गांव नगला महताब नई आबादी निवासी चंद्रपाल के पुत्र कालू से तय हुई थी। 17 अप्रैल को बरात आई थी। चढ़त के बाद वर पक्ष ने खाना खाने लगा, उसके बाद दहेज में डेढ़ लाख रुपये की अतिरिक्त मांग रखी। दहेज की मांग पूरी न होने पर वर पक्ष रात्रि में ही बरात बिना दुल्हन लिए वापस चला गया। रिपोर्ट दर्ज कराने पर दुल्हन पक्ष को जान से मारने की धमकी भी मिली है। थाना कोतवाली के निरीक्षक केपी सिंह ने बताया कि दुल्हन के भाई की तहरीर पर कालू पुत्र चंद्रपाल, भाई ह्रदेश व भोले पुत्रगण चंद्रपाल और गुड़िया पत्नी ह्रदेश के खिलाफ धारा 3/4 दहेज अधिनियम और धारा 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सांसद संजीव अरोड़ा द्वारा बस्सियां कोठी के लिए 20 लाख रुपये की घोषणा

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना - रायकोट के पास बस्सियां कोठी के नाम से प्रसिद्ध महाराजा दलीप सिंह मेमोरियल में आयोजित पंजाबी सांस्कृतिक कला महोत्सव में दर्शक उस समय उत्साहित और हैरान रह गए, जब उन्होंने संजीव अरोड़ा, सांसद (राज्यसभा) को ढोल-नगाड़ों की थाप पर पंजाबी कलाकारों के साथ नाचते देखा। प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, विरासत, इतिहास और परंपरा से युवा पीढ़ी को जोड़ने के मकसद से यह आयोजन किया गया था। संजीव अरोड़ा ने अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और खुले आसमान के नीचे आयोजित लोक वाद्य वादन, मलवई गिद्दा और पारंपरिक सियालकोटी लोक नृत्य भांगड़ा प्रदर्शन सहित विभिन्न सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए देर शाम तक वहीं रहे। संजीव अरोड़ा ने बस्सियां कोठी के लिए एमपीलैड फंड से 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने सुरजीत पातर सहित सभी कलाकारों, गायकों और कवियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए गुरदासपुर की भांगड़ा टीम को अपनी जेब से एक लाख रुपए इनाम देने की घोषणा की। इस अवसर पर संजीव अरोड़ा ने कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान और अन्य के साथ प्रसिद्ध फोटो कलाकार हरप्रीत सिंह संधू द्वारा तैयार महाराजा दलीप सिंह मेमोरियल कोठी के बारे में एक वृत्तचित्र फिल्म लॉन्च किया।

# इंजीनियर पुन्नरदीप सिंह बराड़ ने चीफ इंजीनियर पीएंडएम लुधियाना का पदभार ग्रहण किया

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना -इंजीनियर पुन्नरदीप सिंह बराड़ ने आज पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के पी एंड एम के नए मुख्य अभियंता के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने इंजीनियर संजीव प्रभाकर की जगह ली। इंजीनियर पुन्नरदीप सिंह बराड़ ने आखिरी बार बठिंडा में मुख्य अभियंता (पश्चिम क्षेत्र) के रूप में काम किया था। पदभार ग्रहण करने के बाद, इंजीनियर पुन्नरदीप सिंह बराड़ ने पी एंड एम के एसई और अन्य कर्मचारियों के साथ एक बैठक की और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पंजाब के बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में उनका समर्थन मांगा।उन्होंने कहा कि वह ई.आर. बलदेव सिंह सरन, सीएमडी पीएस पीसी एल और इंजी. डी.पी.एस. ग्रेवाल, निदेशक वितरण की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और इस धान के मौसम के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। इंजीनियर पुन्नरदीप सिंह बराड़ ने 11 नवंबर, 1991 को पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में शामिल होने से पहले एक सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम में 1.5 साल तक काम किया। उनके पास 31 साल का समृद्ध अनुभव है, विशेष रूप से संचालन और प्रवर्तन संगठन के साथ-साथ वाणिज्यिक और सामग्री सेवा संगठन में।03 दिसंबर, 1968 को फरीदकोट में पैदा हुए इंजीनियर पुन्नरदीप सिंह बराड़ ने थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी , पटियाला से इंजीनियरिंग में स्नातक किया।

# महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया सिलाई मशीन केंद्र - हरदीप सिंह मुंडियां

सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच



लुधियाना/साहनेवाल )- विधायक हरदीप सिंह मुंडियां ने 33 फीट रोड स्थित अपने ऑफिस में महिलाओं के लिए सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया, जहां लगभग 100 महिलाएं और लड़कियां सिलाई मशीन का प्रशिक्षण बिल्कुल मुफ्त प्राप्त कर सकेंगी। महिलाएं इस केंद्र से सिखलाई लेकर कुशल और आत्मनिर्भर हो सकेंगी, इस सिलाई केंद्र का रख-रखाव सुचारू रूप से चल सके, इसकी जिम्मेदारी विधायक हरदीप सिंह मुंडियां की धर्मपत्नी व उनकी बहन के पास है।महिलाओं के लिए अलग-अलग समय का बैच आयोजित कर उन्हें सिलाई मशीन की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया है। यह पहल विधायक हरदीप सिंह मुंडियां और उनके परिवार ने की है। सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि हमारी बेटियां और बहनें किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं, उन्हें किसी पर निर्भर रहने के लिए मजबूर होने की जरूरत नहीं होगी, वे इस केंद्र में निःशुल्क जाकर ट्रेनिग ले सकती हैं। इस मौके पर चेयरमैन जोरावर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष तजिंदर सिंह मिठू, सरबजीत सिंह सैनी, मैडम दलजीत कौर, नेहा चौरसिया, अरविंदर जौली, बलवीर सिंह, अमन कंसल, गगन जमालपुर, बब्बू मुंडियां, जग्गू भट्ट, पीए रणजीत सिंह सैनी मौजूद रहे। उद्घाटन के मौके पर लुधियाना की बीडीपीओ सिमरत कौर, अमरीक सिंह सैनी, गुरदीप सिंह ईटीओ, ओम प्रकाश और पवन कुमार भी मौजूद थे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

# करीब 490000 रुपए की अवैध शराब का कराया विनष्टीकरण

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- शराब माफियाओं के कारनामों पर बड़ी कार्यवाही, थाना मिरहची पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेशानुसार करीब 490000 रुपए की अवैध शराब का कराया विनष्टीकरण। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री धनंजय सिंह कुशवाह एवं अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) श्री विनोद कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में माल निस्तारण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.04.2023 को थाना मिरहची पुलिस द्वारा उत्कृष्ठ पैरवी करते हुए सम्बन्धित माल का माननीय न्यायालय से आदेश प्राप्त कर तहसीदार श्री चन्द्रप्रकाश व क्षेत्राधिकारी सदर श्री सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में थाना मिरहची प्रभारी निरीक्षक श्री छतरपाल सिंह व आवकारी इंस्पेटर श्री दिनेश सिह एंव एचएम श्री प्रताप सिह की उपस्थिति में 16 भिन्न-भिन्न अभियोगों से सम्बन्धित कुल 70 पेटी अंग्रजी शराब व 203 लीटर कच्ची शराब के मालों का जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर विनिष्टीकरण कराया गया है जिसकी *अनुमानित कीमत लगभग 4,90,000 रुपये है